# <u>रेलवे भर्ती सेल</u>
# <u>पूर्वोतर रेलवे, गोरखपुर</u>

**<u>वर्ष 2025-26 के लिए स्काउट एवं गाइड कोटा के अंतर्गत भर्ती</u>**

**रोजगार सूचना सं०-एनईआर/आरआरसी/एसजी/2025-26 दिनांक- 30.09.2025**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि व समय** | **01.10.2025 10:00 बजे** |
| **ऑनलाइन आवेदन समाप्त होने की तिथि व समय** | **30.10.2025 18:00 बजे** |

पूर्वोत्तर रेलवे एवं रेल इंजन कारखाना (बीएलडब्लू)/वाराणसी में स्काउट एवं गाइड कोटा के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए लेवल-2 (ग्रेड पे-1900) में ग्रुप-सी के पदों तथा लेवल-1 (ग्रेड पे-1800) में पूर्ववर्ती ग्रुप-डी के पदों पर भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं । अभ्यर्थी पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **<u>www.ner.indianrailways.gov.in</u>** पर दिए गए लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**(1) पदों की संख्या:** पदों का विवरण निम्नवत है-

| क्र० सं० | इकाई/मंडल | ग्रुप-सी के पदों की संख्या (लेवल-2/ग्रेड पे-1900) | पूर्ववर्ती ग्रुप-डी के पदों की संख्या (लेवल-1/ग्रेड पे-1800) |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्वोत्तर रेलवे | 02 | - |
| 2 | बीएलडब्लू/वाराणसी | 01 | 02 |
| 3 | इज्जतनगर मंडल/पूउरे | - | 02 |
| 4 | लखनऊ मंडल/पूउरे | - | 02 |
| 5 | वाराणसी मंडल/पूउरे | - | 02 |

**<u>नोट-</u>**

**(क)** किसी समुदाय विशेष के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है।

**(ख)** अभ्यर्थी लेवल-2 (ग्रुप-सी) एवं लेवल-1 (पूर्ववर्ती ग्रुप-डी) दोनों पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं परन्तु लेवल-2 (ग्रुप-सी) एवं लेवल-1 (पूर्ववर्ती ग्रुप-डी) पदों के लिए अलग-अलग आवेदन एवं परीक्षा शुल्क जमा करना होगा।

**(2) अनिवार्य योग्यताएं:**

**<u>(क) शैक्षणिक योग्यताएं:</u>**

| क्र० सं० | पद का लेवल | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | लेवल-2 | 50% अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण या इसके समकक्ष (अजा०, अजजा०, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक तथा 12वीं कक्षा से उच्चतर शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए 12वीं में 50% अंकों की बाध्यता नहीं होगी)<br>**अथवा**<br>मैट्रिकुलेशन (10वीं उत्तीर्ण)/एसएसएलसी के साथ संगत ट्रेड में आईटीआई (एनसीवीटी/एससीवीटी से मान्यता प्राप्त)<br>**अथवा**<br>मैट्रिकुलेशन (10वीं उत्तीर्ण)/एसएसएलसी के साथ संगत ट्रेड में कोर्स कम्पलीटेड एक्ट अप्रेंटिस |
| 2 | लेवल-1 | मैट्रिकुलेशन (10वीं उत्तीर्ण) **अथवा** आईटीआई **अथवा** समकक्ष **अथवा** एनसीवीटी द्वारा जारी नेशनल अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट (एनएसी)। |

**<u>(ख) स्काउटिंग गाइडिंग योग्यताएं (लेवल-2 व लेवल-1 दोनों के लिए):</u>**

**(i)** प्रेसिडेंट स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर **या** किसी भी सेक्शन में हिमालयन वुड बैज (एचडब्लूबी) धारक।

**(ii)** पिछले 05 वर्षों से किसी भी स्काउट संगठन का सक्रिय सदस्य होना चाहिए। सक्रियता प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में, जो पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा उसपर होना चाहिए।

**(iii)** राष्ट्रीय स्तर **या** अखिल भारतीय रेल स्तर पर 02 स्पर्धाओं (इवेंट्स) में **और** राज्य स्तर पर दो स्पर्धाओं (इवेंट्स) में शामिल होना चाहिए।

**<u>नोट-</u>** प्रेसिडेंट स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर का प्रोविजनल प्रमाण पत्र रखने वाले अभ्यर्थियों को रेलवे बोर्ड के पत्र सं० ई(एनजी)/II/2023/आरआर-2/1 दिनांक 10.04.2024 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाएगी। बहरहाल उनको नामिकबद्ध/नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड के दिनांक 07.02.2000 के पत्र के पैरा 1(iii) के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**(3) आयु: (01.01.2026 को)**

**लेवल-2 (ग्रुप-सी) के पदों के लिए-** 18 से 30 वर्ष।
**लेवल-1 (पूर्ववर्ती ग्रुप-डी) के पदों के लिए-** 18 से 33 वर्ष।

**(4) आयु सीमा में छूट:** वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की शर्त के साथ आयु में छूट निम्नानुसार है-

**(क)** अजा०/अजजा० अभ्यर्थियों को 05 वर्ष।
**(ख)** अपिव० (एनसीएल) अभ्यर्थियों को 03 वर्ष।
**(ग)** भूतपूर्व सैनिको, जिन्होंने साक्ष्यांकन के पश्चात् न्यूनतम 06 माह की सेवा पूरी की हो, को सेना में की गयी सेवा की अवधि में 03 वर्ष जोड़कर।
**(घ)** दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि में जम्मू एवं कश्मीर राज्य के सामान्य निवासी रहे अभ्यर्थियों को 05 वर्ष।
**(ङ)** दिव्यांग अभ्यर्थियों को 10 वर्ष (अपिव० (एनसीएल) को 13 वर्ष एवं अजा०/अजजा० को 15 वर्ष)।
**(च)** विधवा, तलाकशुदा महिला तथा न्यायिक रूप से पति से पृथक महिला, जिसने पुनर्विवाह न किया हो, उनके लिए अधिकतम आयु सीमा अजा०/अजजा० के लिए 40 वर्ष, अपिव० (एनसीएल) के लिए 38 वर्ष तथा सामान्य (अनारक्षित वर्ग) के लिए 35 वर्ष होगी।
**(छ)** न्यूनतम 03 वर्ष की सेवा कर चुके सेवारत रेल कर्मचारी, आकस्मिक श्रमिक एवं एवजी (सब्सटिट्यूट) के लिए अधिकतम आयु सीमा अजा०/अजजा० के लिए 45 वर्ष, अपिव० (एनसीएल) के लिए 43 वर्ष तथा सामान्य (अनारक्षित वर्ग) के लिए 40 वर्ष होगी।
**(ज)** रेलवे के अर्धशासकीय कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए उनकी सेवा की कुल अवधि तक, जो अधिकतम 05 वर्ष होगी।

**(5) आवेदन कैसे करें:** ऑनलाइन आवेदन हेतु लिंक पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **<u>www.ner.indianrailways.gov.in</u>** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पूर्व रोजगार सूचना में दिए गए सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लेना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन करते समय वेबपेज पर दी गई क्रमवार प्रक्रिया का अनुपालन किया जाना चाहिए। सभी वांछित खाने सावधानीपूर्वक भरे जाने चाहिए। अभ्यर्थी आवेदन करते समय स्वयं का नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ, हस्ताक्षर एवं समस्त आवश्यक अंकपत्र/प्रमाण पत्र की स्कैन की हुई प्रतियाँ निर्धारित स्थान पर अवश्य अपलोड करें।

**(6) परीक्षा शुल्क:**

| | | |
|---|---|---|
| अजा०, अजजा०, भू० पू० सैनिक, दिव्यांग, महिला, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु | रु० 250 | लिखित परीक्षा में वास्तविक रूप से सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को रु०-250 वापस कर दिए जाएंगे। |
| अन्य सभी अभ्यर्थियों हेतु | रु० 500 | लिखित परीक्षा में वास्तविक रूप से सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को रु०-400 वापस कर दिए जाएंगे। |

निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाइन आवेदन के वेबपेज पर दिए गए निर्देशों के अनुसार जमा किया जाना चाहिए। निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरांत अभ्यर्थी पुनः लॉग इन कर अपने आवेदन पत्र की एक प्रति अवश्य प्रिंट कर लें।

**(7) चयन का तरीका एवं भर्ती प्रक्रिया:** स्काउट एवं गाइड कोटा के अंतर्गत भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों का मूल्यांकन निम्नलिखित आधार पर किया जाएगा-

| | | |
|---|---|---|
| **(क)** | **लिखित परीक्षा** | **60 अंक** |
| | लेवल-2(ग्रुप-सी) एवं लेवल-1(पूर्ववर्ती ग्रुप-डी) के पदों के लिए अलग-अलग लिखित परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के माध्यम से आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में **40 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (40 अंक)** एवं **एक निबंधरूपीय प्रश्न (20 अंक)** के होंगे जो **पैरा 8** में दिए गए पाठ्यक्रम के अनुसार स्काउट एवं गाइड संगठन और उसकी गतिविधियों तथा सामान्य ज्ञान से सम्बंधित होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक प्रदान किये जाएंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काट लिए जाएंगे। निबंधरूपीय प्रश्न के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा। | |
| **(ख)** | **प्रमाण पत्रों पर अंक** | **40 अंक** |
| | **(i) राष्ट्रीय स्पर्धाओं/राष्ट्रीय जम्बूरी (अखिल भारतीय रेल स्पर्धाओं सहित) में प्रतिभागिता/प्रदत्त सेवाएं** | **10 अंक** |
| | • प्रथम दो प्रमाण पत्र ( जो की न्यूनतम अर्हता है) | कुछ नहीं |
| | • एक अतिरिक्त स्पर्धा | 07 अंक |
| | • दो या दो से अधिक अतिरिक्त स्पर्धा | 10 अंक |
| | **(ii) राज्य स्पर्ध्याओं/रैलियों में प्रतिभागिता/प्रदत्त सेवाएं** | **10 अंक** |
| | • प्रथम दो प्रमाण पत्र ( जो की न्यूनतम अर्हता है) | कुछ नहीं |
| | • एक अतिरिक्त स्पर्धा | 07 अंक |
| | • दो या दो से अधिक अतिरिक्त स्पर्धा | 10 अंक |
| | **(iii) राष्ट्रीय/राज्य/अखिल भारतीय रेल स्तर पर आयोजित विशिष्ट स्काउट/गाइड कोर्स** | **10 अंक** |
| | • एक कोर्स | 07 अंक |
| | • दो या दो से अधिक कोर्स | 10 अंक |
| | **(iv) जिला रैलियों में प्रतिभागिता** | **10 अंक** |
| | • एक प्रमाण पत्र | कुछ नहीं |
| | • दो प्रमाण पत्र | 07 अंक |
| | • तीन प्रमाण पत्र | 10 अंक |
| | **योग** | **100 अंक** |

<u>**नोट-**</u>

**(क)** लेवल-2 एवं लेवल-1 के लिए अलग-अलग लिखित परीक्षाएं होंगी।

**(ख)** सभी उमीदवारों के लिए लिखित परीक्षा में न्यूनतम अर्हता अंक 40% है।

**(ग)** लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष 5 गुना अभ्यर्थियों को लेवल-2 और लेवल-1 के विरुद्ध अलग-अलग अगले चरण अर्थात दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा।

**(घ)** सभी प्रमाण पत्र अधिसूचना के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि या उससे पहले जारी होने चाहिए।

**(ङ)** पैनल में चयन मेरिटक्रम पर आधारित होगा जो कि लिखित परीक्षा एवं प्रमाण पत्रों के प्राप्तांकों के योग के आधार पर तैयार की जाएगी।

**(8) लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम (लेवल-2 व लेवल-1 के लिए):** स्काउटिंग/गाइडिंग का इतिहास; नियम एवं प्रतिज्ञा; संगठन - 'जिला एवं राज्य स्तर'; ट्रेनिंग सेंटर - 'जिला एवं राज्य स्तर'; पुस्तकों का ज्ञान; भारत में स्काउटिंग फॉर ब्वायज/गाइडिंग फॉर गर्ल्स; सिद्धांत (मोटो); बांयाँ हाथ मिलाना; सैल्यूट; प्रार्थना; झंडा गीत; राष्ट्रगान; राष्ट्रीय एवं स्काउटिंग झंडे को जानना; विभिन्न अवसरों पर सामाजिक सेवाएं; हाईकिंग; प्रोफिशिएन्सी बैज एवं इन्हें कैसे अर्जित किया जाता है; स्काउटिंग/गाइडिंग में स्टेजेस; चिंतन दिवस; स्काउट्स/गाइड्स/रोवर्स/रेंजर्स की प्रोग्रेसिव ट्रेनिंग; पाँयनियरिंग; हस्तकला; भारतीय रेलवे जम्बोरेट; राष्ट्रीय जम्बूरी; जम्बूरी ऑन द एयर; राष्ट्रीय स्तर पर संगठन; राष्ट्रीय

प्रशिक्षण केंद्र, वैग्स/वोज्म - उपराष्ट्रपति अवार्ड प्रतियोगिता; प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता; सामुदायिक विकास कार्यक्रम; स्काउटिंग के उद्देश्य और विधि; बेहतर नागरिक बनाने में स्काउटिंग कैसे उपयोगी है।

**(9) सामान्य शर्तें:**

**(क)** आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह सभी योग्यता शर्तों को पूरा करता है। आवेदन करने के अंतिम तिथि के बाद अर्जित अर्हताएं/प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।

**(ख)** आवेदन पत्र में प्रदत्त सूचनाओं के आधार पर भर्ती की न्यूनतम अर्हता पूरी करने पर ही अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु बुलाया जाएगा।

**(ग)** गलत सूचना देने अथवा तथ्यों को छिपाने का प्रयास करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य करार कर दिया जाएगा एवं उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी तथा धोखाधड़ी करने अथवा प्रतिरूपण का प्रयास करने वाले अभ्यर्थी को भविष्य में रेलवे द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित होने से वंचित भी कर दिया जाएगा।

**(घ)** नियुक्ति के लिए विचारणीय अभ्यर्थियों को रेलवे द्वारा आयोजित निर्धारित चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना होगा।

**(ङ)** चयन होने एवं भर्ती/नियुक्ति के लिए अनुशंसा किये जाने मात्र से अभ्यर्थियों को रेलवे में भर्ती का अधिकार प्राप्त नहीं होता है।

**(च)** अजा० एवं अजजा० समुदाय के अभ्यर्थियों को भर्ती के किसी चरण में बुलाये जाने पर उन्हें उनके द्वारा आवेदन पत्र में उल्लिखित निकटतम रेलवे स्टेशन से निःशुल्क द्वितीय श्रेणी यात्रा पास जारी किया जाएगा।

**(छ)** स्काउट एवं गाइड कोटा के अंतर्गत भर्ती में लिपिक श्रेणी के कर्मियों को नियुक्ति की तिथि से दो वर्षों के अन्दर टाइपिंग की निर्धारित दक्षता परीक्षा पास करनी होगी तथा उनकी नियुक्ति निर्धारित समयावधि में टाइपिंग अर्हता अर्जित करने की शर्त पर प्रोविजनल होगी। निर्धारित समयावधि में टाइपिंग अर्हता अर्जित न करने वाले अभ्यर्थियों को कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा और उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगीं।

**नोट-**

**(क)** रोजगार सूचना के अंग्रेजी एवं हिंदी रूपों में भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी रूप ही मान्य होगा।

**(ख)** अभ्यर्थी की पात्रता, आवेदन को स्वीकार करने या अस्वीकार करने, निःशुल्क रेल यात्रा पास जारी किये जाने, झूठी सूचना के लिए दंड, चयन के तरीके, परीक्षा के आयोजन, परीक्षा केंद्र के आवंटन तथा भर्ती प्रक्रिया से सम्बंधित सभी मामलों में रेलवे भर्ती सेल, पूर्वोत्तर रेलवे का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा तथा इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की पूछताछ या पत्र-व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**(ग)** इस रोजगार सूचना से सम्बंधित किसी प्रकार के विधिक मामले में सुनवाई का क्षेत्राधिकार केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, इलाहबाद होगा।

**(घ)** यह रोजगार सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को इस सम्बन्ध में अद्यतन जानकारी हेतु पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहने की सलाह दी जाती है।

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती सेल**
**पूर्वोतर रेलवे, गोरखपुर**